9. निम्नलिखित में से उस ग्रंथि को चुनिए जो मानव शरीर में जोड़ों में नहीं पायी जाती है : 1

(A) पीयूष (B) अण्डाशय

(C) वृषण (D) अधिवृक्क

10. मानव श्वसन तंत्र में जब कोई व्यक्ति श्वास अन्दर लेता है तो पसलियों की स्थिति और डायाफ्राम की स्थितियाँ क्या होती हैं ? 1

(A) पसलियाँ ऊपर उठी हुई तथा डायाफ्राम वक्रीय/उभार लिए होता है ।

(B) पसलियाँ ऊपर उठी हुई तथा डायाफ्राम चपटा होता है ।

(C) पसलियाँ शिथिल तथा डायाफ्राम चपटा होता है ।

(D) पसलियाँ शिथिल तथा डायाफ्राम वक्रीय/उभार लिए होता है ।

11. नीचे आरेख में दर्शाए गए जीव में अलैंगिक जनन की विधा को पहचानिए : 1



(A) विखण्डन (B) बहुखण्डन

(C) मुकुलन (D) द्विखण्डन

12. दो मटर के पौधों के बीच संकरण कराने पर 50% लम्बे पौधे तथा 50% बौने पौधे प्राप्त हुए । जनक पौधों का जीन संयोजन क्या था ? 1

(A) Tt और Tt (B) TT और Tt

(C) Tt और tt (D) TT और tt

13. मानव नेत्र के संदर्भ में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए : 1

(a) नेत्र गोलक का व्यास लगभग 2.3 cm होता है ।

(b) परितारिका गहरा पेशीय डायाफ्राम होता है जो पुतली के साइज़ को नियंत्रित करता है ।

(c) नेत्र में प्रवेश करने वाली प्रकाश किरणों का अधिकांश अपवर्तन क्रिस्टलीय लेंस पर होता है ।

(d) विभिन्न दूरियों के बिम्बों को फोकसित करते समय रेटिना और क्रिस्टलीय लेंस के बीच की दूरी पक्ष्माभी पेशियों द्वारा समायोजित की जाती है ।

इनमें सही कथन हैं –

(A) (a) और (b) (B) (a), (b) और (c)

(C) (b), (c) और (d) (D) (a), (c) और (d)

17. **अभिकथन (A) :** विभिन्न धातुओं की जल तथा तनु अम्लों के साथ सक्रियता भिन्न-भिन्न होती हैं। 1

**कारण (R) :** किसी धातु का उसके अयस्क से निष्कर्षण उसकी सक्रियता श्रेणी में स्थिति पर निर्भर करता है।

18. **अभिकथन (A) :** मानव मादा में लिंग गुणसूत्रों का परिपूर्ण जोड़ा होता है। 1

**कारण (R) :** युग्मनज में मानव नर के लिंग-गुणसूत्र का योगदान शिशु के लिंग का निर्धारण करता है।

19. **अभिकथन (A) :** निकट-दृष्टि दोष युक्त नेत्र दूरस्थ बिम्बों को स्पष्ट नहीं देख सकता है। 1

**कारण (R) :** नेत्र चिकित्सक निकट-दृष्टि दोष के संशोधन के लिए उपयुक्त क्षमता के अभिसारी लेंस का निर्धारण करते हैं।

20. **अभिकथन (A) :** जब किसी धारावाही तार से प्रवाहित धारा के परिमाण में वृद्धि होती है तो उसके निकट रखी चुम्बकीय सूई के विक्षेपण में कमी हो जाती है। 1

**कारण (R) :** किसी धारावाही चालक के निकट स्थित किसी बिन्दु पर चुम्बकीय क्षेत्र की तीव्रता धारा में वृद्धि के साथ बढ़ती है।

## खण्ड – ख

**प्रश्न संख्या 21 से 26 अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं।**

21. (a) "दो अभिकर्मकों के बीच यदि आयनों का आदान-प्रदान न हो तो कोई भी अवक्षेपण अभिक्रिया नहीं हो सकती है।" अभिक्रिया का संतुलित रासायनिक समीकरण देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए। 2

**अथवा**

(b) प्रत्येक का एक-एक उदाहरण देते हुए विस्थापन अभिक्रिया और द्वि-विस्थापन अभिक्रिया के बीच विभेदन कीजिए। 2

22. प्रकाश-संश्लेषण पत्तियों में होता है और इनके द्वारा बना भोजन पौधे के अन्य भागों में पहुँच जाता है। इसमें सम्मिलित प्रक्रिया का नाम लिखिए और उसकी व्याख्या कीजिए। 2

